>

Title : Need to declare Suhel Dev pilgrim place in Bahraich, Uttar Pradesh as a tourist place of national importance.

श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र का जनपद-बहराइच एक ऐतिहासिक शहर है। बहराइच-गोण्डा मार्ग देश के ऐतिहासिक वीर राजा सुहेल देव की तीर्थ स्थली है। वीर राजा सुहेल देव दलित समाज के थे तथा क्षेत्र के दलित समाज के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श हैं। यहां एक अत्यंत प्राचीन मनोहर झील है, जहां पर महामनीषी अष्टावक्र मुनि ने तपस्या की थी। इस झील में हिन्दू-मुस्लिम दोनों सम्प्रदाय के लोग स्नान करके प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सैय्यद सालारगाजी बाबा की मजार पर मत्था टेकते हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वीर राज सुहेल देव की तीर्थ स्थली तथा झील के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इस स्थल को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित करने की कृपा करें।